# एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ फॉर्मेसी

एन. एच.–35 समसपुर, चुनार, मीरजापुर,उ. प्र.–231304

**कॉलेज कोड : (BTE-4826 & AKTU-904)**

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र 296/81–05–2026 पर्यावरण, वन एवंज लवायु परिवर्तन अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 05/07/2026 के अनुपालन में **एपेक्स इंस्टिट्यूट आफ फार्मेसी**, एन0एच0 35 समसपुर, चुनार, मीरजापुर द्वारा दिनांक **12 जुलाई, 2026** को वृक्षारोपण महा अभियान–2026 के अन्तर्गत लगभग 200 फलदार, फुलदार, छायादार, शोभाकार, अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। डा0 संतोष सिंह, चेयरमैन एवं संस्था के प्रधानाचार्य प्रो0 डॉ0 सुनिल मिस्त्री, फैकल्टी एवं समस्त हॉस्पिटल स्टाफ द्वारा विभिन्न प्रजातियों जैसे–अमरूद, आम, इमली इत्यादि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण किया गया है।

धन्यवाद!

निदेशक
**प्रो. डॉ0 सुनिल मिस्त्री**
एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी
मोबाइल नम्बर : 9893926205



॥ एक पेड़ माँ के नाम ॥

उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश

वन विभाग उत्तर प्रदेश

# PLANTATION CERTIFICATE

I pledge to protect nature and contribute to a greener tomorrow.

This is to certify that

## APEX INSTITUTE OF PHARMACY

has planted a sapling on 11/07/2026 and is committed to

**Nurture** and care the plant planted | **Plant** more trees | **Inspire** others to go green | **Protect** our environment for future generations

Together, let us make our Earth greener, healthier and beautiful.

## एक पेड़ माँ के नाम

जन जन की भागीदारी,
हरित आवरण की तैयारी

Electronically Generated By
Forest Department
Uttar Pradesh

वृक्षारोपण महायज्ञ 2026

**Download Certificate**

## Your Photos




एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी
समसपुर, चुनार, मीरजापुर
वृहद पौधा रोपण
जुलाई 2026
वृक्षारोपण जन आंदोलन 2026
जिलाधिकारी, मीरजापुर


GPS Map Camera
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+9c3, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.10172° Long 82.851379°
Saturday, 11/07/2026 10:14 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Google
Samaspur, Uttar Pradesh, India
Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.095992° Long 82.851902°
Sunday, 12/07/2026 11:10 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Samaspur, Uttar Pradesh, India
Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.095992° Long 82.851902°
Sunday, 12/07/2026 11:10 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Samaspur, Uttar Pradesh, India
Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.095543° Long 82.851384°
Sunday, 12/07/2026 11:14:11 AM GMT +05:30





गोंड ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। बैठक के दौरान ब्यास जी गोंड ने प्रदेश सरकार और भाजपा की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के एक मंत्री द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गई टिप्पणी निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धार्मिक मुद्दों के सहारे राजनीति कर रही है और जनता अब उसके वास्तविक चरित्र को समझ चुकी है। पूर्व मंत्री ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसान, मजदूर, युवा, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग सरकार की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की अधिकांश योजनाएं धरातल पर प्रभावी साबित नहीं हुई हैं, जबकि पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है।

ब्यास जी गोंड ने दावा किया कि प्रदेश का हर वर्ग बदलाव चाहता है और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूत स्थिति में होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव के बाद अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी 14 जुलाई 2026 को खाद पानी, बिजली, सड़क को लेकर तहसील मुख्यालय पर विधानसभा ... के नेतृत्व में माँग पत्र सौंपेगी। 15 जुलाई से 25 जुलाई तक बूथ लेवल एजेंट का सत्यापन किया जायेगा। कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव को देखते हुए अधिक से अधिक लोगो का नाम मतदाता सूची में आये उनका फार्म भरवाने का काम करें। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार से गरीब, पिछड़ा, अल्पसंख्यक व दलित समाज परेशान है, आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन्हे सबक सिखाने का काम करेंगी। उन्होने लगे हाथ कहा सरकार पर आरोप लगाया कि हत्या, लूटपाट की घटनाएं बढ़ी है ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। बैठक में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, रविन्द्र बहादुर ... मुन्नी यादव, परवेज खान, ... यादव, अशोक यादव, रामराज पटेल, कीर्ति कोल, दामोदर प्रसाद मौर्या, जैन कुशवाहा, सतीश मिश्रा, डा0 सुनील सिंह, राणा प्रताप सिंह, शैलेष पटेल, मुकुन्द यादव, कान्धा यादव, अनिल यादव, विनोद सिंह, अनीस खान, मेवालाल प्रजापति, रामप्यारे गौड़, जुम्मन खान, सुरेश पटेल, रवि प्रकाश त्रिपाठी, विवेक कुशवाहा, सुशील यादव, गणेश केसरी, जावेद अली, दीनानाथ प्रजापति, अभय यादव, रम्भा देवी कोल, आशीष कोल, दुर्गा सिंह, आकाश यादव, अनुराग तिवारी, राजकुमार यादव, लवकुश यादव, वीरेन्द्र यादव, अशोक मिश्रा, गणेश सिंह, बृजलाल पाल, रविन्द्र कोल, गौरी यादव, शिवपूजन यादव, अरविन्द गौड़, उपेन्द्र तिवारी, श्याम अचल यादव, कौशिक कनौजिया, रमाशंकर कोल, बलराम यादव, महेश मौर्या, बच्चा गौड़, केसरी नन्दन आदि मौजूद रहे।

# एपेक्स ट्रस्ट प्रांगण में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ वृहद पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं इसके शिक्षण संस्थानों एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफआयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज तथा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ (पैरामेडिकल) साइंसेज, चुनार में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वृक्षारोपण जन आंदोलन 2024-25 एवं पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2026 के तहत संपन्न हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह के दिशा-निर्देशन एवं डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर में विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण में आम, सागवान, सेमर, सेन्ना, इमली, कंजी, अमरूद, नींबू, आंवला, कटहल, जामुन, अनार, बेल, केसिया श्यामिया एवं सहजन सहित अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में श्री संदीप कुमार (डिप्टी कमिश्नर, इंडस्ट्रीज), श्री अखिलेश (रिलेशनशिप मैनेजर) एवं श्री संदीप कुमार (असिस्टेंट मैनेजर) ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अभियान की सराहना की।

# 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण अभियान के तहत पौधारोपण का हुआ कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत सेवराई।** (गाजीपुर)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे ÷एक पेड़ मां के नाम÷ वृक्षारोपण अभियान के तहत रविवार को तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रेवतीपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय एवं चिकित्साधिकारी डॉ. अमर कुमार ने संयुक्त रूप से पौधा रोपकर किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में अशोक, आम और रुद्राक्ष के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। यह केवल पौधारोपण का अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति और मां के प्रति सम्मान एवं जिम्मेदारी का भाव है। उन्होंने कहा कि मां हमें जीवन देती है और पेड़ जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़ जाए तो आने वाले वर्षों में देश हरियाली से आच्छादित होगा और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। अस्पताल परिसर में छायादार एवं औषधीय पौधों के लगने से मरीजों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आम और रुद्राक्ष जैसे पौधे पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से भी उपयोगी हैं। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण आवश्यक है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विष्णु सिंह, भाजपा नेता पंकज राय, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. अमित चौबे, थाना प्रभारी राजू दिवाकर, चंद्रजीत यादव, सुधीर कुमार, अभिषेक राय, गोलू राय, पुलस्तमुनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत नगर क्षेत्र के दुरहिया स्थित कर्बला पर वृक्षारोपण

**स्वतंत्र भारत जमानिया।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान के तहत नगर क्षेत्र के दुरहिया स्थित कर्बला पर वृक्षारोपण किया गया. इस अवसर पर जमानिया नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. +एक पेड़ मां के नाम+ अभियान से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा बल्कि मां के प्रति सम्मान भी व्यक्त होगा. भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं. ये हमें ऑक्सीजन, छाया और शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं. इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए. कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार,कर निरीक्षक विजयशकंर राय,स्टोर लिपिक सत्येन्द्र कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पांडेय ,मीडिया प्रभारी संजीत यादव सहित नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारी आदि लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देश विदेश

स.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

फेर शुरू किए

ईरान का होर्मुज को

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड

एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई। इस बैठक के मुख्यातिथि किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरिशंकर सरोज रहे। इस अवसर पर अधिवक्ता कमलेश दुबे, जिला महासचिव मनीष दुबे, राजधर दुबे, रामनाथ दुबे,संतोष मिश्रा, इजहार अहमद, धर्मराज बिंद, लोकेंद्र दुबे, प्रदीप कुमार, अशोक गुप्ता, शिवजी मिश्रा, प्रवेश दुबे, इजहार अली, दयालनारायण, जगदीश दुबे आदि रहे।

## एपेक्स ट्रस्ट प्रांगण में वृहद पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जनसंदेश टाइम्स



चुनार। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं इसके शिक्षण संस्थानों–एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज तथा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ (पैरामेडिकल) साइंसेज, चुनार में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो0 डा0 एस0के0 सिंह के दिशा-निर्देशन एवं डीन प्रो0 डा0 सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर में विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण में आम, सागवान, सेमर, सेन्ना, इमली, कंजी, अमरूद, नींबू, आंवला, कटहल, जामुन, अनार, बेल, केसिया श्यामिया एवं सहजन सहित अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में संदीप कुमार डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज, अखिलेश रिलेशनशिप मैनेजर एवं संदीप कुमार असिस्टेंट मैनेजर ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## 97 गावों में लगाए गए ढाई लाख से भी अधिक पौधे

ौर्य, राधेश्याम मौर्य, रमशंकर तिवारी, यादव, सोनेलाल कनौजिया रहे।

संन्यास की अवधि में प्रतिदिन यज्ञ, योग, ध्यान, वेदपाठ, स्वाध्याय तथा चिंतन-

स्वस्थ जीवनशैली का संदेश समाज तक पहुँचाना भी है। उनका मानना है कि यदि

रचनात्मक प्रयोग की अवधारणा समझा।



# ा हरियाली की नई इबारत लिखेगा जनपद

## ान का आगाज, राज्यमंत्री, नोडल अधिकारी ने किया पौधरोपण



जैसे विशेष अवसरों पर एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान चित्रकला, पोस्टर, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चार छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं एनसीसी कैडेटों और उपस्थित नागरिकों को भी पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर 12वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप सेनानायक, सदर एसडीएम, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम, डायट प्राचार्य, तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पुलिसकर्मी, छात्र-छात्राएं और नागरिक मौजूद रहे।

## गुरगी में वन महोत्सव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया पीपल का पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**हलिया (मिर्जापुर)।** वन विभाग हलिया रेंज के अंतर्गत गुरगी वन क्षेत्र में रविवार को वन महोत्सव सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ सुधीर सिंह ने पीपल का पौधा रोपकर किया। इस दौरान "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत लोगों को वृक्षारोपण व संरक्षण के लिए संकल्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि पीपल, बरगद जैसे पौधे 24 घंटे ऑक्सीजन देते हैं और पर्यावरण शुद्ध रखते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल अपनी संतान की तरह करे। वृक्ष ही जीवन का आधार हैं, इनके बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा



सकती। वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के तहत हलिया रेंज में सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। गुरगी वन क्षेत्र में आज फलदार, छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। सागौन, शीशम, आंवला, नीम, जामुन व पीपल के पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा के लिए वन समिति व ग्रामीणों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वन विभाग द्वारा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, वन समिति सदस्यों व स्थानीय ग्रामीणों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया।

## धियों ने रोपे पौधे



पस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका के कर्मचारी एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## एपेक्स ट्रस्ट प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ वृहद वृक्षारोपण



**चुनार (मिर्जापुर)।** पर्यावरण संरक्षण के जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं इसके शिक्षण संस्थानोंकृएपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज तथा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ (पैरामेडिकल) साइंसेज, चुनार में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वृक्षारोपण जन आंदोलन 2024-25 एवं "पेड़ लगाओदृपेड़ बचाओ" जन अभियान 2026 के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह के दिशा-निर्देशन एवं डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर में विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

## विद्युत उपकेंद्र परिसर मे जेई ने किया वृक्षारोपण

**हलिया (मिर्जापुर)।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत रविवार को हलिया विद्युत उपकेंद्र परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवर अभियंता रमशंकर ने परिसर की बाउंड्री के किनारे पौध रोपकर कार्यक्रम की शुरुआत की और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। वृक्षारोपण के बाद जेई रमशंकर ने कहा कि बिजली विभाग का काम केवल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, पर्यावरण के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते तापमान को देखते हुए हर व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए। उपकेंद्र परिसर में खाली पड़ी जमीन को हरा-भरा बनाने के लिए नीम, पीपल, अशोक व जामुन के पौधे लगाए गए हैं। इस दौरान जेई ने विभाग के सभी लाइनमैन, एसएसओ व संविदा कर्मियों को अपने घर व आसपास कम से कम एक पौधा लगाने की शपथ दिलाई।

## कई निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के तबादले

**फतेहपुर।** जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह और चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रविवार को पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया। इस दौरान निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। माना जा रहा है कि अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है। स्थानांतरण आदेश के

## सपा की बैठक में भाजपा सरकार पर लगा आरोप

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मिर्जापुर।** जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में रविवार को अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री व्यास जी गोंड ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया

बैठक के दौरान व्यास जी गोंड ने



पार्टी मजबूत स्थिति में होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव के बाद

आने वाले 2027 के विधानसभा चु में जनता इन्हे सबक सिखाने का

सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। देवरिया जनपद के सलेमपुर थाना क्षेत्र के मलहचक गांव निवासी युवक वर्तमान में शिवपुर स्थित विराज एग्रो फर्म में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। तहरीर के अनुसारए वह शनिवार को रात ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। आरोप है कि कहरका गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उसकी बाइक रोक ली और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। ...र मोबाइ... लेन-देन ... दी।

संदेश वाहक मिर्ज़ापुर 13.7.26

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत हुआ वृहद वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**चुनार (मिर्जापुर)**। पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं इसके शिक्षण संस्थानों,एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज तथा इंस्टीट्यूट ऑफएलाइड हेल्थ (पैरामेडिकल) साइंसेज, चुनार में ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वृक्षारोपण जन आंदोलन 2024-25 एवं पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओष् जन अभियान 2026 के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह के दिशा-निर्देशन एवं डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में किया गया।

## एग्रो पार्क को हरित क्षेत्र बनाने का लिया संकल्प

**वाराणसी**। एग्रो पार्क इंडस्ट्रीज् वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग विभाग एवं यूपीएसआईडी के अधिकारियों तथा ...

जायसवाल
पर्यावरण
माध्यम न
पीढ़ियों के
बड़ी पूंजी
नेतृत्व में प्र
मुक्त बनाने
स्तर पर
रही है। उन
नागरिक
पौधा अव
देखभाल
की तरह

## पिंडरा



पौधों का रो
नेवादा स्थित

## विद्युत उपकेंद्र परिसर में जेई ने किया पौधरोपण, दिया संदेश

**हलिया, मिर्जापुर ( डीएनएन )।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत रविवार को हलिया विद्युत उपकेंद्र परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवर अभियंता रमाशंकर ने परिसर की बाउंड्री के किनारे पौधा रोपकर कार्यक्रम की शुरुआत की और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया वृक्षारोपण के बाद जेई रमाशंकर ने कहा कि बिजली विभाग का काम केवल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, पर्यावरण के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते तापमान को देखते हुए हर व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए। उपकेंद्र परिसर में खाली पड़ी जमीन को हरा-भरा बनाने के लिए नीम, पीपल, अशोक व जामुन के पौधे लगाए गए हैं। इस दौरान जेई ने विभाग के सभी लाइनमैन, एसएसओ व संविदा कर्मियों को अपने घर व आसपास कम से कम एक पौधा लगाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा व सिंचाई की जिम्मेदारी उपकेंद्र के कर्मचारियों की होगी। समय-समय पर पौधों की देखभाल की जाएगी ताकि वे पेड़ का रूप ले सकें। अवर अभियंता ने बताया कि शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बिजली विभाग के सभी कार्यालयों व उपकेंद्रों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहे हैं। हलिया उपकेंद्र पर पहले चरण में 15 पौधे लगाए गए हैं। आने वाले दिनों में और पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में टीजी-2, लाइनमैन, संविदा कर्मी सहित उपकेंद्र के समस्त स्टाफने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर पौधरोपण किया और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।वन महोत्सव के तहत क्षेत्र के स्कूल, अस्पताल, थाना व अन्य सरकारी परिसरों में भी लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है।

## एपेक्स ट्रस्ट प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ वृहद वृक्षारोपण

**चुनार, मिर्जापुर ( डीएनएन )।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित एपेक्स ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक एवं इसके शिक्षण संस्थानोंकृएपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल, एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफफार्मेसी, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज तथा इंस्टीट्यूट ऑफएलाइड हेल्थ ( पैरामेडिकल ) साइंसेज, चुनार में ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम वृक्षारोपण जन आंदोलन 2024-25 एवं ष्पेड़ लगाओदृपेड़ बचाओष् जन अभियान 2026 के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. डॉ. एस.के. सिंह के दिशा-निर्देशन एवं डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए परिसर में विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। वृक्षारोपण में आम, सागवान, सेमर, सेन्ना, इमली, कंजी, अमरूद, नींबू, आंवला, कटहल, जामुन, अनार, बेल, केसिया श्यामिया एवं सहजन सहित अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में श्री संदीप कुमार (क्ब्, डिप्टी कमिश्नर, इंडस्ट्रीज), श्री अखिलेश (रिलेशनशिप मैनेजर) एवं श्री संदीप कुमार (असिस्टेंट मैनेजर) ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अभियान की सराहना की।

## दो भाइयों पर सोते समय जानलेवा हमला

**जौनपुर ( डीएनएन )।** बरसठी थाना थाना क्षेत्र के बारीगांव हनुमाननगर में रविवार तड़के पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। छत पर सो रहे दो सगे भाइयों पर कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत नाजुक होने पर ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और एहतियातन मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। 25 वर्षीय राज सिंह और 22 वर्षीय उदय सिंह पुत्रगण आनंद सिंह शनिवार देर रात अपने मकान की छत पर सो रहे थे। रात करीब तीन बजे उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हमले में राज सिंह के चेहरे पर गंभीर चोट आई है जबकि उदय सिंह के पैर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। परिजनों का आरोप है कि वारदात को उनके चाचा सुभाष सिंह ने अंजाम दिया। बताया गया कि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक लाल बहादुर सिंह के दो पुत्र सुभाष सिंह और आनंद सिंह हैं। परिवार मूल रूप से शाहापुर पुरसवा का रहने वाला है लेकिन पिछले लगभग 40 वर्षों से बारिगांव हनुमाननगर में रह रहा है। सड़क किनारे बने दो मंजिला मकान के नीचे दोनों भाई अलग-अलग कपड़े की दुकान संचालित करते हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से मकान के तीन फीट चौड़े गलियारे में करीब डेढ़ फीट दीवार बनाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। पिता लाल बहादुर सिंह ने गलियारे की स्थिति यथावत रखने की बात कही थी जिसके बाद विवाद और बढ़ गया। इसी रंजिश में हमले की घटना होने का